e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0सं0– 01/भू0अ0नि0 (09) विविध (RSTI)–33/2023........................

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बन्दोबस्त पदाधिकारी,
जहानाबाद/अरवल।

पटना, दिनांक :–

विषय : विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को जूम ऐप के माध्यम से प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक 28.08.2023 एवं 29.08.2023 को 2.30 बजे अपराह्न से 6.00 बजे अपराह्न तक संलग्न सूची के अनुसार विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगों एवं विशेष सर्वेक्षण अमीनों को जूम ऐप के माध्यम से याद्दाश्त लेखन, खेसरा पंजी संधारण, दावा/आपत्ति निष्पादन, विश्रांति की प्रक्रिया एवं प्रारूप प्रकाशन के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रथम प्रशिक्षण दिवस 28.08.2023 में उक्त विषय पर प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा दुसरे प्रशिक्षण दिवस 29.08.2023 को प्रशिक्षण के साथ सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों का मुल्यांकन भी किया जायेगा।

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि अपने–अपने जिले में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगों एवं विशेष सर्वेक्षण अमीनों को संलग्न सूची के अनुसार दिनांक 28.08.2023 एवं 29.08.2023 को 2.30 बजे अपराह्न से 6.00 बजे जूम ऐप पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, जिले के बन्दोबस्त कार्यालय के सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी भी भाग लेगें।

प्रशिक्षण संबंधित जूम लिंक What's App के माध्यम से प्रशिक्षण के तिथि को पूर्वाहन् में उपलब्ध करा दी जायेगी।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (09) विविध (RSTI)–33/2023..............पटना, दिनांकः.............

प्रतिलिपिः– अरवल/जहानाबाद के प्रभारी पदाधिकारी–सह–भूमि सुधार उप समाहर्त्ता तथा सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

ह0/–
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (09) विविध (RSTI)–33/2023...............पटना, दिनांकः............

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी /प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (09) विविध (RSTI)–33/2023....6611....**पटना, दिनांक**:..23/08/2023..

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/8/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

B:\Dharmveer\Y-2023\Aakash Jee\Asst. Director\33-2023- 22-08-2023.doc